## समाज द्वारा संचालित ट्रस्ट के माध्यम से समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया

- कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त, साहित्यकार एवं राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास थे, विशेष अतिथि अजय सोलंकी प्रभारी बीईओ थे



**देवास।** श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज की बहू डॉक्टर नेहा पुनीत परिहार ने मैथमेटिक्स में पी एच डी कर डॉक्टर की उपाधि ली तो समाज की बेटी शगुन पिता राकेश परिहार का आईआईएम कॉलेज इंदौर में चयन हुआ, गीतांजलि पिता वीरेंद्र सोलंकी ने कथक नृत्य में मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया तो मनोज चौहान ने मार्शल आर्ट टेंडिग में दो पुरस्कार प्राप्त किये। साथ ही आश्रय पिता प्रमोद सोलंकी ने जेईई में 94. प्रतिशत अंक प्राप्त कर जी एस टी आई एस कॉलेज में एडमिशन प्राप्त किया। इन सबको समाज द्वारा पुरस्कृत करने के साथ ही वर्ष 2025-26 में कक्षा पहली से बारहवीं तक 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के 72 छात्र एवं छात्राओं को प्राप्त अंक सूची के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार कर प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ ही शेष बच्चों को भी प्रोत्साहन स्वरूप शील्ड एवं प्रमाण सामाजिक संगठन श्रीमान 35/55 के सौजन्य से प्रदान किये गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त, साहित्यकार एवं राष्ट्रीय कवि देवकृष्ण व्यास थे, विशेष अतिथि अजय सोलंकी प्रभारी बीईओ थे। कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर समाज के आराध्य संत श्री श्री 1008श्री गुरु टेकचंद जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई।

अतिथि परिचय एवं गुरु श्री टेकचंद जी द्वारा 215 वर्ष पूर्व कड़छा में जीवित समाधि लेने के संबंध में जानकारी ट्रस्ट अध्यक्ष द्वारा दी गई। ट्रस्ट संरक्षको सहित अध्यक्ष एवम् संपूर्ण कार्यकारणी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद समाज द्वारा विगत दो वर्षों से चलाए जा रहे झूठा मत छोड़ो अभियान के तहत बच्चों द्वारा पोस्टर के माध्यम से उपस्थित सभी समाज जनों को संदेश देकर झूठा नहीं छोड़ने की अपील की।

मुख्य अतिथि देवकृष्ण व्यास द्वारा कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कविता के माध्यम से समाज के बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए पढ़ाई के साथ ही अपने संस्कारों को कभी नहीं भूलना चाहिए और अंग्रेजी पढ़ो या हिंदी पर देश हित मे सोच रख देश से लेकर विदेशों में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को पालन करना चाहिए।

## चतुर्मास धार्मिक अनुष्ठान एवं आध्यात्मिक कथा ज्ञान यज्ञ के साथ प्रारंभ

**देवास। 30 जुलाई से प्रारंभ हुए चातुर्मास पर्व में कैला देवी मंदिर में कैला देवी मंदिर उत्सव समिति के तत्वावधान में वैदिक सनातन चतुर्मास में 29 जुलाई से 25 सितंबर तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं आध्यात्मिक कथाओं आयोजन होने जा रहा है। आयोजक दीपक गर्ग ने बताया कि प्रति वर्षानुसार आध्यात्मिक शक्ति पीठ कैला देवी मंदिर में दण्डी स्वामी हेमेन्द्रानंद सरस्वती महाराज द्वारा वैदिक पद्धति से प्रति दिन अनुष्ठान एवं कथा अमृत ज्ञान गंगा यज्ञ आयोजित किया जाएगा।**

30 जुलाई से 28 अगस्त तक पूरे श्रावण मास में शिव पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक के साथ प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से 10 बजे तक सभी शिव भक्तों के लिए रहेगा।

04 अगस्त से 12 अगस्त तक प्रति दिन दोप 3 बजे से शाम 6 बजे तक शिवपुराण कथा होगी। दिनांक 13 अगस्त से 21 अगस्त तक श्रीराम कथा का आयोजन होगा।

04 सितंबर से 10 सितंबर तक नर नारायण यज्ञ का विशिष्ट आयोजन प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक चलेगा। 19 सितंबर से 25 सितंबर तक श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का आयोजन प्रति दिन दोप 3 बजे से 6 बजे तक रहेगा।

लोक कल्याण एवं पुण्य अर्जन की भावना को लेकर आयोजित वैदिक सनातन चतुर्मास महोत्सव का लाभ अधिक से आस्थावान समस्त भक्तों को प्राप्त हो इसके लिए मंदिर परिसर पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

समिति संयोजक डॉ रायसिंह सेंधव, अध्यक्ष दुर्गेश अग्रवाल, देवकृष्ण व्यास, रेखा वर्मा, दीपक गर्ग, अनामिका गर्ग सहित समिति ने समस्त भक्तों से अपील की है कि इस पुनीत पावन पर्व में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान एवं आध्यात्मिक कथा का लाभ प्राप्त करे।

## एक नजर में

### गीता ज्ञान यज्ञ पंच दिवसीय आयोजन कल


**देवास।** विश्वगीताप्रतिष्ठानम् परिवार द्वारा प्रत्येक सोमवार को गीता अनुरागी सदस्यों के निवास पर गीता स्वाध्याय किया जाता है इससे पूरे परिवार का वातावरण कृष्ण भक्तिमय हो जाता हैं, इसी श्रृंखला में विगत सोमवार को शुकदेव परमार के निवास मुखर्जी नगर देवास में गीता स्वाध्याय हुआ। स्वाध्याय के पश्चात विश्वगीताप्रतिष्ठानम् देवास की प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति में लिए गए निर्णय के अनुसार दिनांक 10 से 14 अगस्त तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक गीता व्याख्यान, गीता मर्मज्ञ, गीता मनीषी, आचार्य कृष्णकांत शर्मा द्वारा सरल शब्दों में गीता के श्लोक का अर्थ बताते हुए गीता पर व्याख्यान, सरस्वती ज्ञानपीठ, हायर सेकेंडरी स्कूल, लक्ष्मण नगर, एपेक्स हॉस्पिटल के पीछे, देवास में आयोजित होगा। उक्त आह्वान विश्वगीताप्रतिष्ठनम् मालवा प्रांत के वित्त प्रमुख नरेंद्र कुमार शर्मा, प्रांत प्रशिक्षण प्रमुख डॉ मनीषा सोनी, नगर संयोजक जितेंद्र त्रिवेदी, प्रचार प्रमुख उमेश जोशी, वित्त प्रमुख रोहित गुर्जर, व्यवस्था प्रमुख एस एन आर्य, सप्त उत्सव प्रमुख रमेश जोशी, गीता परीक्षा प्रमुख निरंजन सिंह ठाकुर, अरुण कुमार शैव्य, घनश्याम जोशी, देवीशंकर तिवारी, अशोक कुलकर्णी, के.के जोशी, शांताराम पाटिल, अरविंद शर्मा, मेहरबान सिंह, अशोक बुनकर, प्रकाश काले और गगन तिवारी आदि सदस्यों द्वारा किया है।

### सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई समारोह आयोजित



**देवास।** समीपस्थ ग्राम बालोदा के शा.मा.वि. बालोदा में वर्षों से शा. प्रा.वि.लसुड़िया नजदीक में अपनी सेवाएं दे रहें, शाला मर्ज होने पर शा. प्रा. वि. बालोदा से वरिष्ठ शिक्षक लाखनसिंह ठाकुर के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अंजली कर्डेकर ने की। मुख्यअतिथि नाविमं क्रमांक 1 से संकूल सहसमन्वयक साक्षरता जितेन्द्रसिंह ठाकुर रहें। विशेष अतिथि प्रिती सक्सेना, श्रीमती नेहा देशपाण्डे, शिक्षक मनोज चौधरी, मोहम्मद हुसैन रहें। विद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहें। लाखनसिंह ठाकुर 39 वर्षों से लसुड़िया नज़दीक एवं बाद में बालोदा में शिक्षण कार्यकाल पूर्ण किया। उन्होंने विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं सर्वांगीण विकास के लिए अहम भूमिका निभाई। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शॉल, श्रीफल, स्मृतिचिन्ह और देवास माताजी के चित्र और माताजी की चुनरी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने श्री ठाकुर के उज्जवल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। श्री ठाकुर ने विदाई भाषण में भावुक होते हुए सहयोग और सम्मान के लिए विद्यालय परिवार का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन प्राधिकृत अधिकारी संतोष बारोलिया ने किया। आभार शाप्राविं प्रधानाध्यापक मोहम्मद हुसैन ने माना।

### चैंपियनशिप में लेजेंड कॉन्वेंट स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**देवास।** जिला पिट्ठू संघ द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अंतरविद्यालय पिट्ठू चैंपियनशिप में लेजेंड कॉन्वेंट स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक अपने नाम किए। बालिका वर्ग (अंडर-14) की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विजेता टीम में नूरीन शाह, रिज़ा शेख, अलीना शेख, प्राची बिसे, अलीना खान, अतीफा नागौरी एवं बुशरा खान शामिल थीं। बालिका वर्ग (अंडर-11) ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। टीम में अर्फिया नागौरी, रुश्दा अली, वंशिका सांगते, परी सेम, आशना नागौरी, हाज़रा खान एवं अतीफ़ा खान शामिल थीं। बालक वर्ग में (अंडर-14) ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। टीम के खिलाड़ी थे फ़ाइज खान, मोहम्मद खान, उस्मान शेख, हेशानुद्दीन खान, मोहम्मद आलमीर, आफताब अहमद, सूफ़ियान खान एवं ज़ैद खान। विद्यालय संचालक सैय्यद एजाज हसन, सैय्यद रियाज हसन, ऋतु राज सिंह शक्तावत, शिक्षक शिक्षिका में देवेंद्र मंगलई, नीतू शाहू, आफरीन हसन, जयमाला कानूनगो, एवं अभिभावकों ने सभी खिलाड़ियों को उनकी शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जानकारी विद्यालय कोच शिव प्रजापत ने दी।

### किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का किया स्वागत



**भौंरासा।** भौरासा क्रॉसिंग पर किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का भारतीय जनता पार्टी देवास जिला कार्यालय पर पदभार ग्रहण करने जाते समय मंगलवार को नेवरी फाटे पर भाजपा किसान मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष टिकेंद्र प्रताप सिंह का पदभार ग्रहण एवं स्वागत समारोह का कार्यक्रम हुआ. इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने देवास जाते समय उनका जगह-जगह स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, मंडल महामंत्री मुकेश कुमावत, नगर परिषद अध्यक्ष संजय कुमार जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मंडल उपाध्यक्ष देवी सिंह मगरिया, मंडल उपाध्यक्ष हिम्मत ठाकुर, अश्विन जायसवाल, शैलेंद्र ठाकुर, यशवंत सिंह राजपूत, भीम यादव, लक्ष्मण सिंह गुर्जर, राहुल धाकड़, बबलू ठाकुर आदि मौजूद थे।

## तुलसीदास जी ने आसक्ति को ही आत्मोन्नति का माध्यम बनाया : आचार्य प्रसन्न सागर

**सोनकच्छ।** अपने भीतर प्रेम, प्रसन्नता, सुख, शान्ति और आनंद को खोजना आसान काम नहीं है.. और उसे बाहर खोजना तो सम्भव ही नहीं है। इसलिए किसी विचारक ने कहा- मन विचारों का पुलिन्दा है। मन की चंचलता का मुख्य कारण परिचय और परिग्रह हैं। अति-परिचय और अति-परिग्रह मन की शान्ति को भंग कर देते हैं। तब मन अति चंचल हो जाता है। परिचय और परिग्रह के सागर में विचारों और विकल्पों की अनगिनत तरंगे उठने लगती है, जिससे मन व्याग्र हो उठता है। परिग्रह क्या है, आवश्यकता से ज्यादा संग्रह करना ही परिग्रह है। वास्तव में मन की अतृप्त भूख का दूसरा नाम परिग्रह है। मन बहिर्मुखी है, मन अधोगामी है।



इसलिए मन मन्दिर में नहीं, मण्डी में लगता है। मन जाप में नहीं, पाप में लगता है। मन शुभ में नहीं, अशुभ में लगता है। यह बात पुष्पगिरि तीर्थ पर अंतर्मना आचार्य प्रसन्नसागर जी महाराज ने अपने उवाच के माध्यम से भक्तों से कही उन्होंने कहा कि

मन और पानी का स्वभाव एक जैसा है दोनों अधोगामी है। मन भी पानी की तरह बहता है। पानी जिधर गड्ढा, या ढलान हो, उसी दिशा में बहेगा। मन की भी यही आदत है। मन जीवन की ऊंचाईयों को और आनंद की गहराईयों को नहीं पहचानता है। वह तो क्षुद्रता में ही रमता है, उसी में जीता है। भोग-विलास, कामना और वासना ये क्षुद्र नहीं तो और क्या है। यदि मनुष्य भोग-विलास, कामना और वासना की इसी क्षुद्रता से कोई सीख ले ले, तो वहीं क्षुद्रता उसके उत्थान की सीढ़ी भी बन सकती है। इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण तुलसीदास जी हैं, जिन्होंने आसक्ति को ही आत्मोन्नति का माध्यम बना लिया। प्रवक्ता रोमिल जैन ने बताया कि अंतर्मना आचार्यश्री दीप आराधना के साथ प्रतिदिन अपनी साधना में लीन रहते है।

## 7 अगस्त को जैवलिन चैंपियनशिप का आयोजन

**देवास। देवास जिला एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि 7 अगस्त को श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम भोपाल चौराहा पर जैवलिन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में खेल और युवा कल्याण विभाग देवास का विशेष सहयोग लिया जा रहा है।**

जैवलिन चैंपियनशिप भारत को 2021 ओलंपिक में नीरज चोपड़ा द्वारा गोल्ड मेडल दिलाया गया था उसी कड़ी में भारतीय एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रतिवर्ष 7 अगस्त को जैवलिन डे मनाया जाता है।

देवास जिला एथलेटिक एसोसिएशन इस वर्ष भी जैवलिन चैंपियनशिप का आयोजन 14- 16 - 19 वर्ष के बालक- बालिका के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम- द्वितीय एवं तृतीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

इस चैंपियनशिप में जिन विद्यालय के खिलाड़ियों को भाग लेना है वह दिनांक 7 अगस्त को प्रात: 10 बजे तुकोजीराव पवार स्टेडियम भोपाल चौराहा पर अपनी उपस्थिति देवे।

भाग लेने वाले खिलाड़ी राजू श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, पवन यादव, निरंजन यादव, धर्मेंद्र भदोरिया, अजय सिंह इनसे संपर्क करें।

अपनी एंट्री दिनांक 6 अगस्त को कुश भाऊ ठाकरे स्टेडियम खेल मैदान पर आवश्यक रूप से देने की कृपा करें।

## कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आत्मीय स्वागत

**देवास।** अखिल भारतीय धाकड़ समाज की केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास कल्याण मंत्री भारत सरकार तथा मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन पर सालगराम रिसोर्ट परिसर पर पधारें जंहा किसान नेता समाज सेवी देवकरण धाकड, संचालक हुन्नर सिंह धाकड़, ज़िला पंचायत सदस्य रूपसिंह धाकड़, संगीत सम्राट उस्ताद रज़ब अली खां संगीत कल्याण समिति अध्यक्ष मो.मुनव्वर खान, सामाजिक कार्यकर्ता पत्रकार शहाबुद्दीन मंसूरी, रायसिंह धाकड़, रामेश्वर धाकड़, अंकित धाकड़, प्रदेश सचिव अखिल भारतीय धाकड़ महासभा लाखन भण्डारी, राजेश सरपंच, विनोद पांदा, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पवन सिंह चावड़ा, अनिल धाकड़, सौरभ धाकड़, रविन सोलंकी, दर्पण शर्मा, सहीत बड़ी संख्या में श्री चौहान का चहाने वालों एवं समाज जनों ने आगमन पर भव्य स्वागत किया केंद्रीय मंत्री चौहान नें रिसोर्ट की प्रथम सालगिरह पर रिसोर्ट के परिजनों को बधाई दी शुभकामनाए बधाई दी, तथा उनहोंने शीघ्र आने का वादा भी किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राय सिंह सैंधव व अन्य जन प्रतिनिधि गण एवं वरिष्ठ जन भी उपस्थित रहें।



## अहमद अशरफ़ी को सिलसिला-ए-तरीकत की खिलाफत प्रदान

**देवास।** विश्व इस्लामिक स्कॉलर हज़रत सैयद सगीर अशरफ़ अशरफ़ी जिलानी किबला अपने फरज़ंद हज़रत सैयद अहमद अशरफ़ अशरफ़ी जिलानी हुसैनी मियां के साथ देवास प्रवास पर हैं। वे 1 अगस्त को अमन गार्डन में आयोजित याद-ए-शहीद-ए-कर्बला व उर्स-ए-मखदूमे सिमना तकरीरी जलसे को संबोधित करेंगे। प्रवास के दौरान उन्होंने इंदिरा नगर स्थित मस्जिद फारूखे आज़म में जुमे की नमाज़ में शिरकत की। अपने बयान में उन्होंने अल्लाह से मोहब्बत, दरूद शरीफ की कसरत और कठिन परिस्थितियों में धैर्य एवं ईमान बनाए रखने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि इंसान को हर परेशानी में अल्लाह पर भरोसा रखना चाहिए, वही सभी मुश्किलों को दूर करने वाला है। इसके बाद शहर काज़ी नोमान अहमद अशरफ़ी ने जुमे का खुतबा और नमाज़ अदा कराई। नमाज़ के पश्चात हज़रत सैयद सगीर अशरफ़ अशरफ़ी जिलानी ने घोषणा करते हुए शहर काज़ी नोमान अहमद अशरफ़ी को सिलसिला-ए-तरीकत की खिलाफत एवं इजाज़त प्रदान की।



सिलसिलऐ आलिया अशरफ़ीया चिश्तीया निज़ामीया की ख़िलाफ़तो इजाज़त से नवाज़ा व ताजपोशी फ़रमाई और सनद अता की। उन्होंने अपने हाथों से अशरफ़ी ताज पहनाकर सनद भेंट की और बुजुर्गों की परंपरा के अनुसार दीन की खिदमत की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर मजलिस-ए-बरकाते अशरफ़, देवास की ओर से उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद, लोगों ने और दिगर आवाम ने इस रूहानी मौके पर खुशी का इज़हार किया। बताया गया कि शहर काज़ी नोमान अहमद अशरफ़ी, मरहूम काज़ी इरफ़ान अहमद अशरफ़ी के सुपुत्र एवं काज़ी निसार अहमद के पौत्र हैं। उन्हें हाफिज़-ए-कुरआन होने के साथ दीनी और सामाजिक शिक्षा भी प्राप्त है।

## विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन



**देवास।** स्वामी विवेकानंद स्कूल में विकासखंड स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी रणधीर सिंह खींची एवं स्वामी विवेकानंद स्कूल के डायरेक्टर संजय पटवाल द्वारा किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना, अनुशासन एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन में संदीपनी स्कूल के पी.टी.आई. दिलीप कुमार शर्मा, अज़ीम खान, मिलन बडोली, ए.वी.एन. स्वामी विवेकानंद स्कूल तथा खेल प्रशिक्षक रोहित पटेल का विशेष सहयोग रहा।

## संसद भवन परिसर में सांसद पप्पू यादव के विरोध प्रदर्शन की मिली जुली प्रतिक्रिया

**बागली।** शुक्रवार को संसद भवन दिल्ली के परिसर में अलग-अलग प्रकार का विरोध प्रदर्शन देखने को मिला एक दिन पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने पंजाब सहित अन्य कांग्रेस शासित सरकारों के शिक्षा मंत्रियों के स्थिति की मांग की। वही विपक्षी पार्टियों ने राम मंदिर चंदा चोरी के मामले में अलग प्रकार प्रदर्शन किया उक्त प्रदर्शन में पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव भगवा वस्त्र धारण करके चंदा चोरी का नाटक करते नजर आए इस दौरान विपक्षी पार्टियों के सदस्यों दान भी डाला हालांकि यह विरोध प्रदर्शन का तरीका था जिसकी मिली जुली प्रतिक्रिया बागली में आई।

> सरकार का विरोध करते-करते यह लोग देश की आस्था का विरोध करने लग गए जिसके नतीजे इन्हें चुनाव में मिलेंगे वही इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जिला पंचायत सदस्य कमल मस्कोले ने बताया कि प्रजातंत्र में विरोध करने का सबको अधिकार है। कांग्रेस के शासन में पेट्रोल की कीमत बड़ी थी तब भाजपा के वरिष्ठ नेता बैलगाड़ी लेकर संसद भवन पहुंचे थे।

भारतीय जनता पार्टी से जुड़ी भाजपा की जिला मंत्री शोभा गोस्वामी ने बताया कि यह सीधा-सीधा सनातन का अपमान है उन्हें नौटंकी करना ही थी तो अन्य वस्त्र पहनकर कर सकते थे। अयोध्या मंदिर मामले में कर्मचारियों द्वारा हेरा फेरी की गई है। ना कि पंडितों द्वारा इसी संबंध में भाजपा के वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्य प्रकाश गुप्ता ने विरोध को नौटंकी बताते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियों का यह तरीका बिल्कुल गलत है। वही कांग्रेस के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र इनाणी ने इस प्रदर्शन पर कहा कि जब सरकार अहंकार में आ जाए विपक्ष की बात पर बिल्कुल ध्यान ना दिया जाए तो विरोध का प्रदर्शन सार्वजनिक स्थल या सड़कों पर ही किया जाएगा संसद भवन परिसर में किया गया विरोध भ्रष्टाचार का विरोध है। ना की देश की भावना का इस प्रकार की मिली जुली प्रतिक्रिया बागली के भाजपा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग प्रकार से देते हुए समर्थन और विरोध जताया वहीं विश्व हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महंत राजनाथ योगी ने पप्पू यादव के बकवास प्रदर्शन की निंदा करते हुए कहा कि इन कालनेमीयो को पूरा देश देख रहा है। इनकी हरकतों से पूरे विश्व में भारत की छवि खराब होती है। इसलिए ऐसे लोगों की पूरे देश में निंदा होना चाहिए और इस नौटंकी में शामिल सभी कृत्यकारी नेताओं को पूरे भारत की जनता से माफी मांगना चाहिए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल से जुड़े धर्मेंद्र गुरु शिव यादव गोपी अजमेरा आनंद विश्वकर्मा आदि ने कहा कि राजनीति अपनी जगह है सनातन धर्म अपनी जगह है राजनीति में धर्म का अपमान नहीं होना चाहिए

## एक नजर


### सार्वभौमिक गायत्री महामंत्र के उच्चारण के साथ किया पौधों का रोपण

## श्री शील नाथ गुफा धूनी आश्रम टेकरी परिसर में पौधरोपण

- अपनी दिवंगत आत्माओं की पावन स्मृति में पौधें रोपकर उन्हें जीवंत रूप में देखे दृगायत्री परिवार
- गायत्री परिवार का पावन वृक्षगंगा अभियान

**देवास।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर देश भर में लगातार पौधारोपण का कार्यक्रम चल रहा है इसी कड़ी में शिलनाथ गुफा धूनी आश्रम परिसर टेकरी के आसपास गायत्री परिवार के परिजनों ने बड़ी श्रद्धा एवं उमंग के साथ गायत्री महामंत्र के उच्चारण के साथ पौधारोपण किया।

गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह चौधरी ने बताया कि शीलनाथ धूनी गुफा आश्रम के संचालक संत माधवानंद गिरी के नेतृत्व में गायत्री परिवार के सृजन सैनिकों ने बड़ी श्रद्धा एवं उमंग से औषधि, फलदार और छायादार पौधों का रोपण सार्वभौमिक गायत्री महामंत्र का उच्चारण करते हुए किया।



पौधारोपण के दौरान शिलनाथ धूनी गुफा आश्रम के संचालक संत श्री माधवानंद गिरी ने कहा कि गायत्री परिवार टेकरी परिसर में विगत कई वर्षों से पौधों का रोपण बड़ी श्रद्धा एवं उमंग से कर रहा है और वो पौधे आज पेड़ बनकर छाया प्रदान कर रहे है इस अभियान में गायत्री परिवार का बहुत बड़ा पुरुषार्थ, सेवा, सहयोग समाज को मिल रहा है वही आमजन से अपील की है कि इस वर्षाऋतु में अधिक से अधिक पौधो का रोपण करे जिससे पर्यावरण का संरक्षण हो सके।

आयोजन में युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले एवं योगप्रशिक्षक देवकरण कुमावत ने विशेष निवेदन किया कि परिजन इस मौसम में अपने दिवंगत पूर्वजों की स्मृति में पौधों को रोप कर उन्हें जीवंत रूप और साक्षात् रूप में देखे और संरक्षण करे जिससे उन्हें आत्मशांति भी मिलेगी और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त होगा और ये सबसे उत्तम कार्य साबित होगा साथ ही अपने जन्मदिवस, विवाहदिवस पर अनिवार्य रूप से पौधे रोपित करे और उन्हें शिशु से वृक्ष के रूप में परिवर्तित करने का संकल्प लेकर प्रकृति माता को अपने कर्तव्यों का बोध कराए।

पौधरोपण अभियान में गायत्री परिवार के चंद्रिका शर्मा, लक्ष्मण पटेल, मंजू पटेल, उषा कुमावत, कामना पटेल, सचिन पटेल, संगीता हिरवानी, मोहन लाल सोनी, बाबूलाल चौहान, राजेन्द्र मुकाती सहित अनेकों परिजन उपस्थित रहे।